# भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत जनपद के समस्त ग्रामीण परिवारों को नियमित/निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित कराये जाने एवं जनसुनाई/आई0जी0आर0एस0/जे0जे0एम0 पोर्टल पर पेयजल आपूर्ति से सम्बन्धित प्राप्त हो रही शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आहूत समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त

अध्यक्षता : जिलाधिकारी, मीरजापुर।
तिथि : 24.07.2026
समय : सायं 05:00 बजे
स्थान/माध्यम : एन0आई0सी0 कक्ष, मीरजापुर।
उपस्थिति : अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, मीरजापुर।
अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर।
श्री अरूण प्रभाकर, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर।
श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर।
समस्त परियोजना प्रबन्धक, कार्यदायी संस्था, जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट, मीरजापुर।
टीम लीडर, पी0एम0सी0/टी0पी0आई0, मीरजापुर।

## – : बैठक का मुख्य उद्देश्य एवं ऐजेण्डा :–

जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत नियमित रूप से जलापूर्ति न किया जाना, निर्धारित मैनपावर के सापेक्ष कम कर्मचारियों की तैनाती तथा आई0जी0आर0एस/जे0जे0एम0 पोर्टल पर लम्बित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि में न किये जाने के सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया :–

- जलापूर्ति में निरन्तरता का अभाव और लीकेज मरम्मत में विलम्ब।
- राजस्व ग्रामों के अन्तिम छोर तक पानी न पहुँचना।
- जनप्रतिनिधियों/ग्राम प्रधानों की शिकायतों के प्रति लापरवाही।
- जनसुनवाई/आई0जी0आर0एस0/जे0जे0एम0 पोर्टल से सम्बन्धित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण न किया जाना।
- प्रत्येक योजनाओं पर निर्धारित मैनपावर/मशीनरी के सापेक्ष कम मैनपावर/मशीनरी की तैनाती।

| IGRS Review from 01.07.2026 to 23.07.2026 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Complain | Total Feedback Taken | Total Satisfactory | Total Unsatisfactory | Percentage of Unsatisfactory |
| IGRS | 41 | 24 | 17 | 41.46 |
| Helpline | 311 | 193 | 118 | 37.94 |
| **TOTAL** | **352** | **217** | **135** | **38.35** |

Scanned with CamScanner

**Manpower Status**

| Sr. No. | Name of Firm/ Agency | Name of Scheme | Pump Operator | Valve Operator | | O&M Team | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Required | Available | Required Team | Required Labour | Available Team | Available Labour |
| 1 | GVPR | Leduki | 15 | 29 | 26 | 13 | 39 | 10 | 33 |
| 2 | Megha | Talar | 16 | 19 | 17 | 15 | 45 | 9 | 26 |
| 3 | | Gothaura | 20 | 21 | 12 | 12 | 36 | 8 | 17 |
| 4 | | Dhauha | 28 | 36 | 25 | 25 | 75 | 14 | 38 |
| 5 | NCC Ltd | Ahugi Kala | 23 | 36 | 30 | 29 | 87 | 18 | 59 |
| 6 | | Mahadev | 18 | 35 | 28 | 25 | 75 | 15 | 54 |
| 7 | GA Infra | Mahuari | 110 | 8 | 7 | 42 | 126 | 35 | 98 |
| 8 | Maltiurban | Manikpur | 4 | 10 | 7 | 6 | 18 | 6 | 24 |
| 9 | Ramky Baba | Danti | 64 | 12 | 10 | 37 | 111 | 26 | 104 |
| | | Total | 298 | 206 | 162 | 204 | 612 | 141 | 453 |

1. **कार्यदायी संस्थावार समीक्षा एवं निर्देश :-**

- **एन0सी0सी0 लिमिटेड :-** संस्था के कार्यो की समीक्षा में पाया गया कि संस्था द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष आवश्यक मैनपावर में वृद्धि न किये जाने के कारण प्रगति संतोषजनक नही है। कार्यदायी संस्था को कठोर चेतावनी के साथ निर्देशित किया गया कि तत्काल प्रभाव से मैनपावर/मशीनरी में वृद्धि करते हुये डी0पी0आर0 के अनुसार बिछाई गई पाइप लाईनो/नल कनेक्शनों में निर्बाध रूप से जलापूर्ति करायें तथा जनसुनवाई/आई0जी0आर0एस0/जे0जे0एम0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों के सम्बन्ध में भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए शिकायतों को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 03 दिवस के अन्दर कराकर आख्या अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर के समक्ष प्रस्तुत करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

- **मेघा इंजीनियरिंग लिमिटेड :-** संस्था द्वारा बोरवेल का कार्य 02 स्थानों पर किया जाना अवशेष है कार्यदायी संस्था द्वारा उक्त कार्य में कोई रूची नही ली जा रही है जो घोर लापरवाही का घोतक है तथा कार्यदायी संस्था द्वारा जनसुनवाई/आई0जी0आर0एस0/ जे0जे0एम0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण भी नही किया जा रहा है। साथ ही साथ संस्था के कार्यो की समीक्षा में पाया गया कि संस्था के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष आवश्यक मैनपावर में वृद्धि न किये जाने के कारण प्रगति संतोषजनक नही है। कार्यदायी संस्था को कठोर चेतावनी के साथ निर्देशित किया गया कि तत्काल प्रभाव से मैनपावर/मशीनरी में वृद्धि करते हुये डी0पी0आर0 के अनुसार बिछाई गई पाइप लाईनो/नल कनेक्शनों में निर्बाध रूप से जलापूर्ति करायें तथा जनसुनवाई/ आई0जी0आर0एस0/जे0जे0एम0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों के सम्बन्ध में भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए शिकायतों को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 03 दिवस के अन्दर कराकर आख्या अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर के समक्ष प्रस्तुत करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

- **मल्टीअर्बन इन्फ्रा लिमिटेड :-** मानिकापुर ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी कई गॉवों में टेल प्वाइन्ट्स् पर पानी न आने/पेयजल समस्या की शिकायतें स्थानीय ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त हो रही है। कार्यदायी संस्था द्वारा जनसुनवाई/आई0जी0आर0एस0/जे0जे0एम0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण भी नही किया जा रहा है। साथ ही साथ संस्था के कार्यो की समीक्षा में पाया गया कि संस्था के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष आवश्यक मैनपावर में वृद्धि न किये जाने के कारण प्रगति संतोषजनक नही है। कार्यदायी संस्था को कठोर चेतावनी के साथ निर्देशित किया गया कि तत्काल प्रभाव से मैनपावर/मशीनरी में वृद्धि करते हुये डी0पी0आर0 के अनुसार बिछाई गई पाइप लाईनो/नल कनेक्शनों में टेल प्वाइन्ट्स् तक निर्बाध रूप से जलापूर्ति करायें तथा

Scanned with CamScanner

जनसुनवाई/आई0जी0आर0एस0/जे0जे0एम0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों के सम्बन्ध में भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए शिकायतों को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 03 दिवस के अन्दर कराकर आख्या अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर के समक्ष प्रस्तुत करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

- **जी0ए0 इन्फ्रा लिमिटेड :-** संस्था के कार्यों की समीक्षा में पाया गया कि संस्था के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष आवश्यक मैनपावर/मशीनरी में वृद्धि न किये जाने के कारण प्रगति अत्यन्त निराशाजनक है। कार्यदायी संस्था को कठोर चेतावनी के साथ निर्देशित किया गया कि तत्काल प्रभाव से मैनपावर/मशीनरी में वृद्धि करते हुये डी0पी0आर0 के अनुसार बिछाई गई पाइप लाईनो/नल कनेक्शनों में टेल प्वाइन्टस् तक निर्बाध रूप से जलापूर्ति करायें तथा जनसुनवाई/आई0जी0आर0एस0/जे0जे0एम0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों के सम्बन्ध में भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए शिकायतों को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 03 दिवस के अन्दर कराकर आख्या अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर के समक्ष प्रस्तुत करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

- **राम्की बाबा (जे0वी0) :-** जिन क्षेत्रों में कार्य पूर्ण होने का दावा किया जा रहा है, वहां सुचारू एवं सही तरीके से जलापूर्ति तत्काल बहाल की जाये। संस्था के कार्यो की समीक्षा में पाया गया कि संस्था के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष आवश्यक मैनपावर में वृद्धि न किये जाने के कारण प्रगति सन्तोषजनक नही है। कार्यदायी संस्था को कठोर चेतावनी के साथ निर्देशित किया गया कि तत्काल प्रभाव से मैनपावर/मशीनरी में वृद्धि करते हुये डी0पी0आर0 के अनुसार बिछाई गई पाइप लाईनो/नल कनेक्शनों में टेल प्वाइन्टस् तक निर्बाध रूप से जलापूर्ति करायें तथा जनसुनवाई/आई0जी0आर0एस0/जे0जे0एम0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों के सम्बन्ध में भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए शिकायतों को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 03 दिवस के अन्दर कराकर आख्या अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर के समक्ष प्रस्तुत करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

- **जी0वी0पी0आर0 लि0 :-** संस्था के कार्यों की समीक्षा में पाया गया कि संस्था के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष आवश्यक मैनपावर में वृद्धि न किये जाने के कारण प्रगति बहुत खराब है। कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबन्धक द्वारा जनसुनवाई/आई0जी0आर0एस0/ जे0जे0एम0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों के सम्बन्ध में भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण नही किया/कराया जाता है केवल मात्र खानापूर्ति करते हुए आख्या प्रेषित किया जाता है। इस सम्बन्ध में अन्तिम रूप से चेतावनी के साथ निर्देशित किया जाता है कि तत्काल प्रभाव से मैनपावर/मशीनरी में वृद्धि करते हुये डी0पी0आर0 के अनुसार बिछाई गई पाइप लाईनो/नल कनेक्शनों में टेल प्वाइन्टस् तक निर्बाध रूप से जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें तथा जनसुनवाई/आई0जी0आर0एस0/जे0जे0एम0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों के सम्बन्ध में भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए शिकायतों को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 03 दिवस के अन्दर कराकर आख्या अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर के समक्ष प्रस्तुत करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

**2. लापरवाही पर ब्लैकलिस्टिंग एवं विधिक कार्यवाही :-**

अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, मीरजापुर व अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर को निर्देशित किया जाता है कि बार-बार निर्देशित किये जाने के बावजूद भी जिस कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य पूर्ण नही किया जा रहा हैं अथवा यह कथन किया

Scanned with CamScanner

जा रहा है कि रोड डैमेज होने, पथरीला क्षेत्र होने व कोई अन्य कारण होने से पानी नही पहुच रहा है तो उन कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट करा दिया जाए कि जल जीवन मिशन योजना के तहत जितना डी0पी0आर0 एरिया है वहा पर पानी किसी भी दशा में पहुचाना कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी है। कार्यदायी संस्थायें डी0पी0आर0 क्षेत्र की जानकारी करते हुए प्रत्येक गॉव/मजरे/गली में रोस्टर के अनुसार निर्बाध जलापूर्ति कराने हेतु Undertaking प्राप्त किया जाए तथा जरूरत पड़ने पर 03 बिन्दुओं प्रभावी कार्यवाही किया जाए।

- कम्पलीशन निरस्तीकरण की संस्तुति।
- Blacklisting की संस्तुति।
- राजकीय कोष का दुरूपयोग करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज करायी जाए।

**3. जल सारथी ऐप का 100 प्रतिशत सत्यापन :-**

जल सारथी ऐप जनपद के समस्त 1381 गांवों का सत्यापन 100 प्रतिशत पूर्ण होना चाहिये। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया जाता है कि वह स्वयं जल सारथी ऐप के 100 प्रतिशत सत्यापन कार्य की गहन मॉनिटिरिंग करना सुनिश्चित करें।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में स्पष्ट किया जाता है कि पेयजल एक अत्यन्त संवेदनशील और आवश्यक विषय है। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता, लापरवाही या झूठी रिपोर्टिंग पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी/अभियन्ता/कार्यदायी संस्था के विरूद्ध आपदा प्रबन्धन अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में कठोर अनुशासनात्मक व विधिक कार्यवाही की जायेगी।

(पवन कुमार गंगवार)
जिलाधिकारी
मीरजापुर।

## *कार्यालय जिलाधिकारी, मीरजापुर।*

पत्रांक- 1139/आ0लि0-नमामि गंगे-2026 दिनांक 31 जुलाई, 2026

---000---

**प्रतिलिपि-** **निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. आयुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।

**निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, मीरजापुर।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर।
3. समस्त सहायक/अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर।
4. टीम लीडर, पी0एम0सी0/टी0पी0आई0, मीरजापुर।
5. समस्त परियोजना प्रबन्धक, कार्यदायी संस्था, जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट, मीरजापुर।

जिलाधिकारी
मीरजापुर।

Scanned with CamScanner